# माइनिंग निर्माण में अनियमितता हुई तो बख्शेंगे नहीं : गौरव

## कलेक्टर ने मेडिकल व माइनिंग कॉलेज का किया भ्रमण, छात्रों से किए संवाद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 नवम्बर। जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भ्रमण कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा किया जाकर मेडिकल कॉलेज के छात्रो से संवाद किया।**

कलेक्टर ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि आप सभी चिकित्सा क्षेत्र की महत्वपूर्ण नीव हैं, उन्होंने कहा कि नीव अगर सही रहेगी तभी भविष्य में विकास संभव है। इसलिए आप सब पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें। मेडिकल कॉलेज में जो भी कमिया हैं, उन्हें शीघ्र ही दूर कराया जायेगा। साथ ही मेडिकल कॉलेज से संबंधित अन्य विकास कार्यो को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जायेगा। कलेक्टर ने ननि आयुक्त को निर्देशित किया कि चिकित्सा महाविद्यालय तक पहुंच मार्ग सहित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्राक्कलन तैयार कर



प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर डीन सहित कॉलेज के प्राध्यापको से परिचय प्राप्त किया एवं कॉलेज की व्यवस्थाओं तथा महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की तथा कॉलेज में निर्मित किए गये कक्षो का अवलोकन किया एवं निर्देशित किया कि कॉलेज व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए जिन भी सामग्रियों की आवश्यकता है। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जायें। लैब, कैटीन एवं छात्रावास में सभी व्यवस्था उपलब्ध रहे, ताकि अध्यायनरत छात्रो को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज परिसर में स्पोर्ट कम्पलेक्स एवं लायब्रेरी की व्यवस्था की जाये। कलेक्टर ने महाविद्यालय के डीन को निर्देशित किया कि कॉलेज सहित छात्रावासो में साफ -सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारी तैनात करे। साथ ही गर्ल छात्रावास में महिला सुरक्षा कर्मी की नियुक्ति सुनिश्चित की जायें। भ्रमण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय के डीन, डॉ. आरडी दत्त, डॉ. राजवीर सिंह चौरसिया, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अरूणवा काली, डॉ. प्रशांत निगम सहित चिकित्सा महाविद्यालय के स्टाफ मौजूद रहे।


### सामग्रियों का कलेक्टर ने किया अवलोकन

कलेक्टर ने छात्रो के मेस का निरीक्षण कर छात्रो के दिए जाने वाले नास्ता-भोजन की सामग्रियों का अवलोकन किया तथा निर्देशित किया कि छात्रो को उनकी डाईट प्लान के अनुसार समय पर पौष्टिक भोजन एवं नास्ता उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन 605 बेड क्षमता वाले चिकित्सालय निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया कि इस वर्ष मेडिकल कॉलेज 100 एमबीबीएस सीटो के साथ प्रारंभ किया गया है। उन्होंने यह बताया कि छात्रों की ऑफ लाईन क्लास का आज दूसरा दिन है।

### निर्माणाधीन माइनिंग कॉलेज का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा आज दिन बुधवार को तियरा में निर्माणाधीन माईनिंग कॉलेज का निरीक्षण किया एवं चल रहे निर्माण कार्यो का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन एकेडमी बिल्डिंग, प्रशासनिक भवन, छात्रावास सहित पुस्तकालय का अवलोकन कर भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने चल रहे निर्माण कार्यो के प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुये संबंधित संविदाकार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाये, ताकि गुणवत्ता के साथ कॉलेज का निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि अनियमितता हुई तो बख्सा नही जाएगा।



# यह मेडिकल कॉलेज हमारे सपनों का केंद्र है : रामलल्लू

## पूर्व विधायक का शिक्षको व छात्रों ने किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 नवम्बर। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की उन्नति के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे मेडिकल कॉलेज का पूर्व विधायक रामलल्लू बैस ने आज दिन बुधवार को निरीक्षण किया।**

कॉलेज परिसर में पहुंचते ही छात्रों और शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। श्री बैस ने कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और प्रमुख विभागों का विस्तृत अवलोकन किया और निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक ने अध्ययनरत छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, प्रायोगिक प्रशिक्षण और शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे अकादमिक कार्यों की जानकारी ली। छात्रों ने उन्हें बताया कि कॉलेज में समय पर कक्षाएं संचालित हो रही हैं। छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए रामलल्लू बैस ने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज हमारे सपनों का केंद्र है।

## एक नजर में

### महाविद्यालय देवसर में मना संविधान दिवस



**देवसर।** भारतीय संविधान दिवस पर शासकीय महाविद्यालय देवसर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे प्रश्न मंच एवं स्लोगन। भारतीय संविधान पर केंद्रित प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार पर केंद्रित स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जमुना प्रसाद नामदेव, डॉ. विद्याचरण द्विवेदी, डॉ. सर्वेश पाण्डेय, अजय कुमार पटेल, सहित अन्य एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे

### आपकी पूंजी आपका अधिकार केम्प 28 को

**सिंगरौली।** वितीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के सुगम और त्वरित निपटान के लिए भारत सरकार वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित राज्यों के सभी जिलों में माह अक्टूबर से दिसम्बर तक आपकी पूंजी आपका अधिकार केम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में भारतीय रिजर्व बैंक व एसएलबीसी भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार जिलें में 28 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे केम्प आयोजित किया जा रहा हैं।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का शेड्यूल जारी

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में जिलो से विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्राओं के लिए नया कार्यक्रम घोषित किया गया है। ऐसे पात्र वरिष्ठ नागरिक जिन्होंने पूर्व में इस योजना का लाभ नहीं लिया हैं, वे निर्धारित प्रारूप में आवेदन अपने संबंधित नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत या जनपद पंचायत कार्यालय में अंतिम तिथि तक जमा कर सकते हैं।




# अदाणी ने 120 महिलाओं को दिया सिलाई प्रशिक्षण

## गांवों में स्वरोजगार के लिए चलाए जा रहे कई कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 नवम्बर। सरई तहसील के धिरौली, झलरी, बजौड़ी, डोंगरी, अमरईखोह, बेलवार और बासी बेरदहा गांवों में जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अदाणी फाउंडेशन की ओर से सक्षम योजना के तहत सिंगरौली क्लस्टर में अब तक 120 महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जा चुका है।**

अब इन सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षित महिला ट्रेनर भी बन चुकी है। झलरी, खनुआ और धिरौली गांवों में पिछले तीन वर्ष में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और प्रत्येक केंद्र पर 20 आधुनिक सिलाई मशीने उपलब्ध कराई गई हैं, जहां हर बैच में 20 स्थानीय महिलाओं और किशोरियों को तीन महीने का प्रशिक्षण मिलता है। सफल प्रशिक्षण पूरा करने पर लाभार्थियों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, जिससे उनके लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर खुलते हैं। वहीं अदाणी फाउंडेशन की ओर से सरई के धिरौली और सुलियारी परियोजना क्षेत्र के आसपास स्थित 18 गांवों में ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने के लिए गौ समृद्धि परियोजना संचालित की जा रही है। साथ ही स्थानीय छात्र-छात्राओं के लिए डाइट फाउंडेशन के सहयोग से सरई और खनुआ नया में बैंक, एसएससी, रेलवे, संविदा शिक्षक, पटवारी, राज्य पुलिस और वन विभाग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है।

# मनमानी रेट पर बेची जा रही जियावन में शराब, बढ़ रहा आक्रोश

## ठेकेदार ने नहीं लगाई है रेटसूची, महकमा बना है उदासीन, ठेकेदार पर लगने लगे आरोप

नवभारत न्यूज

**देवसर 26 नवम्बर। जिले भर में शराब ठेकेदारों की मनमानी रूकने का नाम नही ले रही है। मनमानी रेट पर शराब बेचने का कारोबार जारी है। ऐसा ही मामला जियावन क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। जहां शराब ठेकेदार मनमानी रेट पर बिना रेटसूची लगाए शराब बेच रहा है और आबकारी महकमा उदासीन बना हुआ है।**

इधर सूत्रों की बातों पर गौर करें तो जिला मुख्यालय बैढ़न सहित कस्बाई इलाको में शराब की



जो दुकान लाइसेंसी खोली गई हैं, इन शराब दुकानों में रेटसूची चस्पा नही है। कई बार शराब कारोबारियों और खरीदने वालों से तू तू-मैं मैं की स्थिति देखने को मिलती है। यहां तक कि विधिवत शराब कारोबारियों को रेटसूची चस्पा करनी चाहिए कि कौन सी शराब किस रेट से बिक्रय होनी चाहिए, लेकिन नियमो को धत्ता बताते हुये शराब कारोबारी आबकारी अधिनियम से परे होकर शराब का कारोबार कर रहे हैं। आबकारी विभाग सिर्फ दिखावे के लिए निरीक्षण करता है। हकीकत तो यह है कि किसी भी लाइसेंसी शराब दुकान का आबकारी अधिकारी निरीक्षण नही करता है। फिर कभी कभार कोरमपूर्ति के लिए अवैध शराब पकड़ कर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। जबकि इसके आड़ में शराब कारोबारियों से सांठगांठ कर के जिले भर में खोचिया का कारोबार कराया जा रहा है। इस पर लगाम कसने में आबकारी अमला पूरी तरीके से उदासीन रवैया अपना रहा है।

### ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की उठी मांग

देवसर में शराब ठेकेदार बिना रेट सूची लगाएं मनमानी कीमत पर शराब की बिक्री कर रहा शोषण म.प्र. शासन द्वारा शराब ठेकेदारों को दुकानों पर रेट सूची लगाए जाने का निर्देश दिया गया जा चुका है, किंतु ठेकेदारों द्वारा मनमानी रेट पर शराब की बिक्री कर क्रेताओं का शोषण किया जा रहा है, ऐसी स्थिति पर आबकारी अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की जा रही है कि देवसर शराब दुकान पर बिना रेट सूची बिक्री की जा रही है, इसकी तथ्यात्मक जांच कराया जाकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही कराई जाने की मांग की गई।

# विंध्याचल में जागरूकता रैली के साथ उद्देशिका का सामूहिक पाठ आयोजित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 26 नवम्बर। एनटीपीसी विन्ध्याचल में आज दिन बुधवार को संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत लेकपार्क से अम्बेडकर भवन तक निकाली गई संविधान जागरूकता रैली से हुई, जिसमें कर्मचारियों, यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। रैली के उपरांत डॉ. बीआर अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख विन्ध्याचल द्वारा उद्देशिका का पठन अंग्रेज़ी में तथा




एम सुरेश महाप्रबंधक द्वारा हिंदी में किया गया। सामूहिक उद्देशिका पठन ने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल आदर्शों के प्रति सभी की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया। कार्यक्रम के दौरान आज संविधान के ऐतिहासिक अंगीकरण को स्मरण किया गया, जिसने भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में परिभाषित किया तथा न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के मूल्यों को स्थापित किया।



# एनसीएल में मनाया गया संविधान दिवस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 नवम्बर।** एनसीएल मुख्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कंपनी के सीएमडी बी साईराम, निदेशक मनीष कुमार, रजनीश नारायण, आशुतोष द्विवेदी, जेसीसी मेम्बर्स व एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक तथा कर्मियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। सभी परियोजना में भी संविधान अंगीकार करने के 76 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारत की एकता, अखंडता और प्रगतिशीलता के प्रेरक ग्रंथ संविधान को समर्पित संविधान दिवस मनाया गया।

# रेडक्रॉस ने आयोजित किया रक्तदान शिविर, 25 यूनिट रक्त संग्रहित

## गनियारी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, नारी शक्ति ने रक्तदान में दिखाई सक्रियता

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 नवम्बर। जिला मुख्यालय अंतर्गत सिंगरौली आरोग्य फाउंडेशन एवं रेडक्रॉस ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आज दिन बुधवार को सिंगरौली हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, गनियारी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन संपन्न हुआ।**

प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक चले इस शिविर में नगरवासियों, चिकित्सकों, युवाओं एवं समाजसेवी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान




दुर्लभ रक्त समूह बी नेगेटिव प्राप्त होना, इस आयोजन की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। उल्लेखनीय रूप से नारी शक्ति ने भी रक्तदान में सक्रिय योगदान देकर मानव सेवा की मिसाल प्रस्तुत की। एक दिवसीय शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जहां आपातकालीन स्थिति या गंभीर रोगियों के उपचार में जीवन रक्षक सिद्ध होगा। सभी रक्तदाताओं को संस्थाओं द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त शिविर में डॉ. विनोद बैस, डॉ. आशीष कुमार, प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ. रामचंद्र कनौजिया, डॉ. सुख सागर बैस, गायत्री बैस, बसुंधरा बैस, अम्बिलेश प्रताप, रोहित चौरसिया एवं अन्य उत्साही रक्तदाता द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर का संयोजन रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आरडी द्विवेदी एवं डॉ. एनके जैन अतिरिक्त मेडिकल डायरेक्टर, ब्लड सेंटर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# एनटीपीसी सिंगरौली में प्रोफेशनल सर्किल कन्वेंशन आयोजित

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 26 नवम्बर। एनटीपीसी सिंगरौली में प्रोफेशनल सर्किल पीसी कन्वेंशन का सफलतापूर्वक और प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस वर्ष कुल 15 प्रोफेशनल सर्किल टीमों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी वर्ग के कर्मचारियों ने नवाचार, तकनीकी दक्षता और सतत् सुधार के प्रति अपनी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।**

कार्यक्रम में संदीप नायक कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ



जोसफ बास्टियन, मुख्य महाप्रबंधक तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय बीई विभाग द्वारा पीयूष श्रीवास्तव महाप्रबंधक के नेतृत्व में अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। कन्वेंशन का मुख्य उद्देश्य एनटीपीसी के कार्यकारी वर्ग में नवाचार को प्रोत्साहित करना, नई कार्यप्रणालियों को अपनाकर उत्पादकता में वृद्धि करना तथा उत्कृष्ट व्यावसायिक प्रथाओं के प्रसार को बढ़ावा देना रहा।

# मायाराम के तीन छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 नवम्बर। मायाराम महाविद्यालय मेढ़ौली-मोरवा के तीन छात्रों का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन होने पर महाविद्यालय के डायरेक्टर व जिला वॉलीबॉल के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस सहित विद्यालय के शिक्षकगणों में हर्ष व्याप्त है।**

म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग 22 नवम्बर को आयोजक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में रहा। जिसमें से सीधी-सिंगरौली, रीवा एवं सतना जिले के टीम शामिल हुए।



जहां राज्य स्तरीय टीम के लिए मायाराम महाविद्यालय सिंगरौली के छात्र सुशन सिंह, जय कृष्ण बैस एवं ऋषिकेश बैस का चयन हुआ। चयनित छात्रों को मायाराम महाविद्यालय के डायरेक्टर एवं जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस के द्वारा खिलाड़ियों मैनेजर छत्रपाल सिंह को एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई दी। साथ ही प्रोत्साहन किया कि खिलाड़ी इसी तरह महाविद्यालय का नाम खेल के क्षेत्र में गौरवान्वित करते रहे, जिसे आने वाली पीढ़ी खेल के प्रति जागरूक रहे।

# सिंगरौली में आईएएस संतोष वर्मा के बयान का विरोध तेज

## सर्व समाज ने कोतवाली में धरना देकर की एफआईआर की मांग और बर्खास्तगी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 नवम्बर। भोपाल में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए कथित विवादित बयान का विरोध अब सिंगरौली तक पहुंच गया है।**

सर्व ब्राह्मण समाज सहित अन्य कई संगठनों ने आज दिन बुधवार को बैढ़न कोतवाली पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने थाना परिसर में धरना देते हुए संतोष वर्मा के खिलाफ तत्काल



एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई। ब्राह्मण समाज की कार्यकारी अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि वर्मा का बयान अत्यंत निन्दनीय है। उन्होंने कहा कि समाज की बेटियों को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सिंगरौली में सर्व समाज एकजुट है। जब तक इस मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं होती, हमारा विरोध जारी रहेगा। श्री द्विवेदी ने कहा। इस विरोध में करणी सेना समेत अन्य सामाजिक संगठन भी शामिल हो गए। करणी सेना के जिलाध्यक्ष बबलू सिंह ने कहा कि आईएएस अधिकारी होने के बावजूद संतोष वर्मा ने समाज विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि एफआईआर दर्ज किए बिना धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। इसी तरह साहू समाज के प्रतिनिधियों ने भी प्रदर्शन में शामिल होकर कड़े शब्दों में इस बयान की निंदा की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे अधिकारी को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए, जो समाज का विभाजन कर आपत्तिजनक बयान देते हों। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न समुदायों के युवा, महिला और वरिष्ठजन मौजूद रहे। थाना परिसर में नारेबाजी और विरोध के कारण कुछ देर के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई।